प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 26.02.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर में श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र की रखी आधारिशला, सामाजिक समरसता और वंचितों के उत्थान पर दिया जोर।**
2. **विधानसभा में कृषि विभाग की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित, कटौती प्रस्ताव खारिज, चर्चा में पक्ष–विपक्ष के सदस्यों ने रखे विचार।**
3. **निकाय चुनाव को लेकर कल होनेवाली मतगणना की प्रशासनिक तैयारियां पूरी, त्रिस्तरीय सुरक्षा में सवेरे आठ बजे से होगी मतों की गिनती।**
4. **झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत अपराध से हुई हानि और क्षति के लिए दी जाएगी मुआवजा राशि।**

और

5. **रांची में कल से ईस्ट जोन खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन साइकिलिंग लीग प्रतियोगिता का आयोजन, ईस्ट जोन की लगभग चार सौ पचास खिलाड़ी होंगी शामिल।**

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड का एकदिवसीय दौरा संपन्न कर आज राजस्थान के लिए रवाना हो गयी। इससे पहले राष्ट्रपति ने जमशेदपुर स्थित मेरिन ड्राइव कदमा में श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र का भूमि पूजन किया। यहां भगवान श्री जगन्नाथ का भव्य मंदिर निर्माण प्रस्तावित है। इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता और वंचितों के उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि यह केन्द्र आध्यात्मिक और सामाजिक सौहार्द का पर्याय बनेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना होना सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। राष्ट्रपति जमशेदपुर दौरे के क्रम में बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के कार्यक्रम में भी शामिल हुई।

****

विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन आज सदन ने कृषि विभाग की आवंटित चार हजार दो सौ पचहत्तर करोड़ रूपये की अनुदान मांग को ध्वनिमत से पारित कर दिया। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल और अन्य द्वारा दी गई कटौती प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही कल सवेरे ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

****

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की घोषणाएं कागजी साबित हो रही हैं। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने

कहा कि राज्य सरकार की घोषणाओं का धरातल पर लोगों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की एयर एंबुलेंस सेवा की सब्सिडी का लाभ मात्र बारह लोगों को मिला है, जिसमें चार मंत्री शामिल हैं।

****

निकाय चुनाव को लेकर कल होनेवाली मतगणना को लेकर राज्यभर में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतगणना का कार्य सवेरे आठ बजे से शुरू होगा, जो रात आठ बजे तक चलेगा। पहले पार्षदों के मतपत्रों की गिनती होगी, उसके बाद मेयर और अध्यक्ष पद के वोटों की गिनती की जाएगी। रांची के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मतगणना केन्द्र में रांची नगर निगम और बुंडू नगर पंचायत की मतगणना भी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी।

****

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड पीड़ित प्रतिकर योजना 2016 के तहत अपराध से हुई हानि या क्षति पर पीड़ित अथवा आश्रित को मुआवजा देने का प्रावधान किया है। योजना के तहत तेजाब हमला और दुष्कर्म के लिए न्यूनतम तीन लाख रुपये, मौत या अस्सी प्रतिशत से अधिक स्थायी विकलांगता पर दो लाख रुपये की राशि तय की गई है। मुआवजा राशि का निर्धारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किया जाएगा। योजना के तहत मुआवजा के लिए संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समक्ष आवेदन किया जा सकता है तथा 14 वर्ष से कम आयु के पीड़ितों के मामले में निर्धारित राशि में 50 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रावधान है।

****

यूआईडीएआई और गुगल के बीच आज रांची में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते के तहत नागरिकों को गुगल मैप के माध्यम से निकटतम आधार केंद्रों की जानकारी और लोकेशन आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। इस मौके पर यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश्वर कुमार ने बताया कि समझौते से आधार सेंटर गूगल मैप पर दिखाई देंगे, जिससे लोगों को काफी मदद मिलेगी।

इस दौरान गूगल इंडिया हेड रोली अग्रवाल ने बताया कि अगले दो महीने में गूगल मैप पर आधार के अधिकृत सेंटर दिखाई देने लगेंगे।

****

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक विजय कुमार और देवघर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रभात रंजन पांडेय ने महगामा—हंसडीहा राजमार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रमुख विशेषताओं, टोल प्लाजा की कार्यप्रणाली, सुरक्षा प्रबंधों तथा सड़क किनारे पौधरोपण का जायजा लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने परियोजना की गुणवत्ता, निर्माण मानकों और यात्री सुविधाओं की सराहना की।

****

गुमला पुलिस ने अड़तालीस किलो गांजा के साथ पिता—पुत्र को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बड़ाईक मोहल्ला में अवैध तरीके से नशे का कारोबार किया जा रहा है। इसी के आलोक में एक घर में छापेमारी की गई, जहां गांजा बरामद किया गया।

****

रांची के खेलगांव स्थित सिदो–कान्हू वेलोड्रम स्टेडियम में कल से ईस्ट जोन खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन साइकिलिंग लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का उदघाटन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। प्रतियागिता में ईस्ट जोन की लगभग चार सौ पचास खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

****

टी–20 विश्‍व कप क्रिकेट में अब से थोड़ी देर बाद सुपर आठ में भारत और जिम्बाब्वे के बीच अहम मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले जिम्बाब्वे की टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया है। टीम इंडिया को सेमिफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए हर हाल में यह मैच जीतना होगा।

********समाप्त*********